**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–22.03.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखण्ड विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की 10 अरब 85 करोड़ 14 लाख रुपये की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित।**
2. **कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा– एक माह के भीतर अनुसूचित जाति आयोग का किया जायेगा गठन, अनुसूचित जाति के विधायकों से नियमावली को लेकर सुझाव देने का किया आग्रह।**
3. **पश्चिमी सिंहभूम में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के दो जवान आइडी विस्फोट की चपेट आये, एक जवान की मौत, एक घायल।**
4. **मौसम विभाग ने कल राज्य के पूर्वी भागों में गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश का जताया पूर्वानुमान।**
5. **आईपीएल का 18वां सीजन कोलकाता के ईडन गार्डन में शुरू, पहला लीग मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच थोड़ी देर में।**

*******************

झारखण्ड विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन सदन से श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की 10 अरब 85 करोड़ 14 लाख रुपये की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गयी। विपक्ष की तरफ से भाजपा विधायक राज सिन्हा ने अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाया था जो ख़ारिज हो गया। विपक्ष के कटौती प्रस्ताव का जवाब देते हुए श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करनेवाली इकाईयों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। एमएसएमई सेक्टर को और कारगर किया जाएगा। स्थानीय शिल्पियों और बुनकरों की उत्पादित वस्तुओं का झारक्राफ्ट के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द मेक इन झारखण्ड नीति का गठन किया जाएगा। श्रम मंत्री ने कहा कि राज्य से पलायन को रोकने के लिए सरकार बहुत जल्द एक ठोस नीति बनाने जा रही है।

*******************

विधानसभा में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को आश्वस्त किया कि एक महीने के भीतर अनुसूचित जाति आयोग का गठन कर लिया जाएगा। इसकी नियमावली भी तैयार कर ली जायेगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की नियमावली में विसंगतियां थी। इस कारण उसे फिर से बनाया जा रहा है। उन्होंने अनुसूचित जाति के विधायकों से नियमावली को लेकर सुझाव देने का भी आग्रह किया। इससे पूर्व भाजपा विधायक मंजू कुमारी ने आयोग का गठन नहीं होने का सवाल खड़ा किया था।

*******************

वहीं राज्य में होल्डिंग टैक्स और फ्लैट के निबंधन की दर संबंधी विसंगतियों को सरकार ने दूर करने का आश्वासन सदन को दिया। इससे पहले भाजपा विधायक नीरा यादव अपने ध्यानाकर्षण के माध्यम से खासकर कोडरमा जिले में फ्लैट और जमीन के होल्डिंग टैक्स एवं निबंधन दर में अत्यधिक वृद्धि किए जाने का सवाल उठाया था। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस बार एक अगस्त से पूर्व बैठक होगी और निदान निकालने का प्रयास कर लिया जाएगा।

*******************

केंद्रीय महिला एवम बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह के साथ घोड़थंबा के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा कि झारखंड में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने न्यायपूर्ण कार्रवाई करने की मांग की।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान छोटा नागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम मरांगपोंगा के जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों के दो जवान आइडी विस्फोट की चपेट में आ गये। इसमें एक जवान की मौत हो गयी। घायल अवस्था में दोनों जवानों को इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था।

*******************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर टाटा–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन कम है इसलिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलने से इलाके के लोगों को फायदा होगा। बता दें कि केंद्रीय बजट में टाटा से वाराणसी तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलने की घोषणा की गई है। सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री से वंदे भारत एक्सप्रेस के अलावा राजधानी एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस को लेकर भी कई मांग रखी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण और उसके सतत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर वीडियो साझा करते हुए जोर दिया कि **जल**, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

*******************

देशभर में मतदान केन्द्र स्तर पर लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा रही है। सभी राज्यों के सभी 788 जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और सभी सीईओ को निर्देश दिया गया है कि वे जिला और राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश स्तर पर लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए दिशा–निर्देशों और निर्देशों के कानूनी ढांचे के भीतर बैठक करें। सभी बैठकें 31 मार्च, 2025 तक पूरी की जानी हैं।

*******************

देवघर जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभुकों का शत–प्रतिशत ई–केवाइसी कराने और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता वाहन रवाना किया गया।

*******************

## संक्षिप्त खबरें

- गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज साप्ताहिक ई–जनशिकायत कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बसिया और कामडारा के लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान करने भरोसा दिया।
- रामगढ़ जिले के उपायुक्त ने **पीएम–कुसुम योजना** के तहत किसानों के 500 ऑनलाइन आवेदनों के प्रखंडों से सत्यापन के बाद प्राप्त सूचि की स्वीकृति या अस्वीकृति से संबंधित बैठक की।

*******************

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में राज्य के पूर्वी भागों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। अगले तीन से चार दिनों में 4 से 6 डिग्री तापमान में वृद्धि का अनुमान जताया गया है।

*******************

## खबरें खेल जगत से

- हॉकी इंडिया की ओर से सीनियर महिला कोचिंग कैंप 23 से 30 मार्च तक 2025 तक साई सेंटर बैंगलुरु में शुरू होगा, जिसमें हॉकी झारखंड से कुल 13 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।
- वहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय खूंटी के छात्र सुधीर सांगा ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में 21 मार्च से चल रही मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर–13 कंपाउंड बालक वर्ग की 30 मीटर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।
- इंडियन प्रीमियर लीग आइपीएल–2025 का 18वां सीजन आज से कोलकाता में शुरू हो रहा है। उद्घाटन मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।

*******समाप्त********